हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 15 मई 2026

06 सिविल अस्पताल बदहाल: 300 मरीजों पर...




09 विधायक के हस्तक्षेप पर नपा अध्यक्ष-सीएमओ...





## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 22 को होगी

**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव के निर्देशानुसार 22 मई को दोपहर 03 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जनजातीय कार्य विभाग, जिला पंजीयक एवं सहकारी संस्थायें, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।

### आरएसआई ने कालापीपल को 81 रन से हराया



**सीहोर।** शहर के भोपाल नाका स्थित आरएसआई सीहोर क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार की सुबह आरएसआई और कालापीपल के मध्य मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में आरएसआई ने कालापीपल को 81 रन से हराया। इस दौरान कोच अक्षय दुबाने, संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा और अजय चंदेल आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कोच अक्षय दुबाने ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरएसआई सीहोर क्रिकेट अकादमी ने 37 ओवर में दस विकेट खोकर 190 रन बनाए थे। इसमें कुणाल ने 34 रन, पलाश परमार ने 20 रन, रोहित चौहान ने 15 रन, कृष्णा-लोकेन्द्र ने 14-14 रन की पारी खेली। वहीं कालापीपल की ओर से गेंदबाजी करते हुए विनय-अनमोल ने तीन-ती विकेट, देवांश ने दो विकेट और वेदांत ने एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कालापीपल की टीम 108 रन पर सिमट गई। इसमें देवांश ने 24 रन, प्रियांशु ने 13 रन बनाए थे। इधर आरएसआई की ओर से गेंदबाजी करते हुए इशान ने तीन विकेट, पलाश, प्रिंस, लोकेन्द्र, दिव्यम, समर्थ ने एक-एक विकेट हासिल किया।

### सरकार का समर्थन पाने, मई महीने की झुलसाती गर्मी और 44 डिग्री पारे में परेशान किसान, जिम्मेदार बने अनजान

# इंतजार करें आप क्यू में हैं: पहले स्लॉट के लिए कतार, फिर तुलाई की मार, अब कैश की हाहाकार

**किसानों बोले: सरकार ने पंजीयन तो 1 लाख से अधिक का किया, लेकिन पोर्टल बंद कर अब उन्हें अपनी ही उपज बेचने से रोका जा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने निकला किसान तारीख पर तारीख और कतार पर कतार के चक्रव्यूह में फंस गया है। हालात यह हैं कि पोर्टल पर कृपया इंतजार करें, आप क्यू में हैं, का मैसेज देखते-देखते किसानों का धैर्य जवाब दे रहा है। जिले में करीब 10 हजार से अधिक किसान ऐसे हैं, जिनके पास उपज तो है लेकिन स्लॉट बुकिंग बंद होने से वे मंडियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

बता दें जिले में कुल 92 हजार 334 किसानों ने स्लॉट बुक किए थे, जिनमें से अब तक लगभग 76 हजार 683 किसानों से ही खरीदी हो पाई है। स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया बंद होने से शेष बचे हजारों किसान अधर में लटके हैं।

किसानों का कहना है कि सरकार ने पंजीयन तो 1 लाख से अधिक का किया, लेकिन पोर्टल बंद कर अब उन्हें अपनी ही उपज बेचने से रोका जा रहा है।

**केंन्द्रों पर 'जाम' और बारदानों का 'अकाल' :** समर्थन मूल्य केंद्रों पर तुलाई की रफ्तार कछुआ गति से चल रही है। खेरी-इछावर रोड स्थित मंगलम वेयरहाउस जैसे केंद्रों के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लगी हैं, जिससे सडक़ पर जाम की स्थिति बन रही है। किसानों को अपनी बारी के लिए चिलचिलाती धूप में दो-दो दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है। ऊपर से केंद्रों पर बारदानों की कमी ने इस संकट को और गहरा कर दिया है।



#### जिले में खरीदी के आंकड़े

कुल पंजीयन: 1,02,484 किसान
स्लॉट बुकिंग: 92,334 किसान
अब तक खरीदी: 76,683 किसान
कुल गेहूं खरीदी: 5.81 लाख मीट्रिक टन
सक्रिय केंद्र: 240



#### बिक गई उपज, तो बैंक में नहीं है पैसा

मुसीबत यहीं खत्म नहीं होती। जिन किसानों की उपज तुल गई है, उन्हें अब अपनी मेहनत की कमाई निकालने के लिए सहकारी बैंकों के बाहर डेरा डालना पड़ रहा है। बैंकों में कैश का भयंकर संकट है। जहां रोजाना 1 करोड़ की जरूरत है, वहां बैंक को बमुश्किल 20-30 लाख मिल रहे हैं। आलम यह है कि किसानों को 50 हजार रुपये से ज्यादा का भुगतान नहीं किया जा रहाए जिससे उनकी अगली फसल की तैयारी और घरेलू काम प्रभावित हो रहे हैं।

#### किसानों की मांग

परेशान किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि स्लॉट बुकिंग फिर से खोली जाए, तुलाई केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए और बैंकों में पर्याप्त कैश की व्यवस्था की जाए ताकि बारिश से पहले उनकी उपज सुरक्षित बिक सके और उन्हें पैसा मिल सके।

#### सियासी शोर के बीच परेशानी

जिला मुख्यालय, बुधनी और भैरूंदा सहित पूरे जिले में किसान संगठनों और कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन जारी है। हालांकि केंद्र में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों से कई वादे किए हैं, लेकिन धरातल पर नागरिक आपूर्ति निगम की व्यवस्थाएं पूरी तरह फेल नजर आ रही हैं।

## अभ्रदत-मारपीट से मौत, थाने के बाहर शव रखकर प्रदर्शन: इछावर में जमीन को लेकर झगड़े का मामला, मोटर चालू करने पहुंचा था व्यक्ति

**इछावर।** इछावर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कालापीपल जागीर में पुरानी जमीनी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद में गंभीर रूप से घायल हुए कैलाश नामक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत से आक्रोशित परिजनों ने आज (गुरुवार) को इछावर थाने के सामने मुख्य सडक़ पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार यह विवाद 26 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे शुरू हुआ था। पीडित नेपाल वर्मा पिता स्वरूप सिंह वर्मा द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक उनके बड़े भाई अनूप वर्मा जब खेत पर मोटर चालू करने गए थे, तभी गांव के ही मनोज वर्मा और अनार सिंह वर्मा ने उन्हें घेर लिया। पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे।

**बीच-बचाव करने आए परिजनों पर भी हमला :** जब अनूप ने जान बचाने के लिए शोर मचाया तो नेपाल और परिवार के अन्य सदस्य घर से बाहर आए। बीच-बचाव की कोशिश के दौरान आरोपी पक्ष के मनोज, दुर्गाप्रसाद, सीता बाई और अनार सिंह ने कुल्हाड़ी और डंडों से हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष में कैलाश सहित परिवार के अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल 112 की मदद से घायलों को पहले स्थानीय अस्पताल और फिर गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान कैलाश ने दम तोड़ दिया।



#### परिजनों का आक्रोश और पुलिस की कार्रवाई

कैलाश की मौत की खबर मिलते ही गांव में तनाव फैल गया। आज सुबह परिजनों और ग्रामीणों ने इछावर थाने के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया। उनकी मांग है कि इस हत्याकांड में शामिल सभी नामजद आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इछावर थाना प्रभारी ने विरोध जता रहे परिजन को समझाइश दी और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जल्द ही सभी आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए ग्राम कालापीपल जागीर में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन गांव में मातम और तनाव का माहौल बना हुआ है।

## सलकनपुर में हृदय विदारक घटना: दंडवत यात्रा पर निकले बुजुर्ग बाबा को तेंदुए ने बनाया शिकार, क्षेत्र में फैली दहशत

**सीहोर।** सुप्रसिद्ध मां विजयासन देवी धाम सलकनपुर में आज गुरुवार सुबह एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। मंदिर के रास्ते में दण्डवत यात्रा कर दर्शन करने जा रहे एक बुजुर्ग बाबा को जंगली जानवर बाघ, तेंदुए ने अपना शिकार बना लिया। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में शोक और डर का माहौल है।

जानकारी के अनुसार एक बुजुर्ग बाबा जो मां विजयासन के परम भक्त थे, प्रतिदिन सुबह 4 बजे दण्डवत करते हुए माता के दरबार में हाजिरी लगाने जाते थे। आज सुबह भी वे अपनी श्रद्धा के अनुसार मंदिर की ओर बढ़ रहे थे, तभी नागिन जोड़ के पास घात लगाकर बैठे तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया।

**सुबह मिला क्षत विक्षत शव :** सुबह जब अन्य लोगों का वहां से गुजरना हुआ, तब नागिन जोड़ के पास बाबा का शव बरामद हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जंगली जानवर ने बाबा के शरीर को बुरी तरह क्षत-विक्षत कर दिया था। घटना की सूचना मिलते ही मंदिर समिति और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

**व्यापारियों की चेतावनी को किया गया नजरअंदाज :** स्थानीय दुकानदारों में इस घटना को लेकर काफी आक्रोश और दुख है। व्यापारियों का कहना है कि वे पिछले एक महीने से सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से लगातार जंगली जानवरों की आहट की सूचना दे रहे थे। दुकानदारों ने बताया कि पानी की तलाश में तेंदुए अक्सर शाम के समय मुख्य मार्ग और पानी चपदम के पास देखे जा रहे हैं।



**प्रशासन और व्यापारियों की अपील :** घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों ने एक-दूसरे से और श्रद्धालुओं से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। व्यापारियों ने निवेदन किया है कि रात के समय कोई भी दुकानदार या श्रद्धालु अकेला न निकले। शाम होते ही अपनी दुकानों को मंगल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंच जाएं। जब तक वन विभाग जानवर को पकड़ नहीं लेता, तब तक सुनसान रास्तों पर जाने से बचें।

**वन विभाग को दी गई सूचना :** क्षेत्र में तेंदुए की सक्रियता को देखते हुए वन विभाग से पिंजरा लगाने और गश्त बढ़ाने की मांग की गई है ताकि भविष्य में ऐसी किसी जनहानि को रोका जा सके।

वन परिक्षेत्र अधिकारी, रेहटी श्रेयांश उपाध्याय ने बताया कि सलकनपुर में एक श्रद्धालु पर किसी जानवर द्वारा हमला किया गया है। अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है, इसलिए किस जानवर द्वारा हमला किया गया है ये स्थिति साफ नहीं हुई है। पहाड़ी क्षेत्र पर तेंदुए का भी मूवमेंट है, इसलिए ये संभावनाएं भी हैं कि तेंदुए ने हमला किया हो। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। उसके बाद मुआवजे की प्रक्रिया भी करेंगे। मंदिर समिति से चर्चा के बाद फेंसिंग का प्रस्ताव भी बनाएंगे।

## आज न्याय के लिए सड़कों पर उतरेगा राठौर समाज



**सीहोर।** शहर के मां गायत्री हॉस्पिटल में इलाज के दौरान हुई प्रसूता की मौत के मामले में अब आक्रोश गहराता जा रहा है। पीडित परिवार को न्याय दिलाने और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर राठौर क्षत्रिय समाज ने लामबंद होने का निर्णय लिया है। समाज द्वारा आज 15 मई शुक्रवार को दोपहर 11 बजे एक विशाल रैली निकालकर प्रशासन को जापन सौंपा जाएगा।

बता दें बीते दिनों बग्गीखाना निवासी मनीष राठौर की पत्नी मयूरी राठौर को प्रसव के लिए डॉ. सुजाता परमार के निजी अस्पताल मां गायत्री हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही और गलत इलाज के कारण मयूरी की जान चली गई। इस दुखद घटना के बाद से ही परिवार और समाज में गहरा रोष व्याप्त है।

#### आज निकलेगा न्याय मार्च

राठौर क्षत्रिय समाज सीहोर के अनुसार मयूरी राठौर को न्याय दिलाने और अस्पताल प्रबंधन की कथित लापरवाही की निष्पक्ष जांच हेतु समाज के लोग एकत्रित होंगे। दोपहर दोपहर 11 बजे, स्थान बग्गीखाना स्थित निवास से प्रस्थान से समाजजन प्रस्थान करेंगे और मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग।

#### समाज की अपील

राठौर क्षत्रिय समाज ने जिले के सभी सामाजिक बंधुओं और प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की है कि वे इस न्याय की लड़ाई में सहभागी बनें। समाज का कहना है कि एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां डॉक्टर की कथित लापरवाही से उजड़ गई, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन से मांग की जा रही है कि जापन के माध्यम से दी गई चेतावनियों पर त्वरित एक्शन लिया जाए।

#### अस्पताल प्रबंधन पर उठ रहे सवाल

घटना के बाद से ही मां गायत्री हॉस्पिटल और उसकी संचालिका डॉ. सुजाता परमार की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं। अब देखना यह होगा कि समाज के इस कड़े रुख के बाद प्रशासन जांच की दिशा में क्या ठोस कदम उठाता है।

### शासन के आदेशों का हो रहा उल्लंघन, प्रभारी के भरोसे शिक्षा विभाग

# शिक्षा विभाग में 'कुर्सी का खेल', 3 साल से नियमों को ठेंगा दिखा रहे प्रभारी डीपीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला शिक्षा विभाग में इन दिनों 'अंधेर नगरी चौपट राजा' जैसे हालात बने हुए हैं। एक ओर सरकार शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले सीहोर में नियमों को ताक पर रखकर पद का मोह नहीं छूट रहा है। जिले में जिला परियोजना समन्वयक का महत्वपूर्ण पद पिछले 3 वर्षों से प्रभारी के भरोसे चल रहा है, जो शासन के स्पष्ट आदेशों का खुला उल्लंघन है।

बता दें राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल ने करीब 8 साल पहले एक स्पष्ट आदेश (क्रमांक 5957) जारी किया था। इस आदेश में कड़े निर्देश थे कि यदि किसी जिले में डीपीसी का पद रिक्त होता है तो उसका प्रभार अनिवार्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी को ही दिया जाएगा। शासन ने उन जिलों पर नाराजगी भी जताई थी जहां जूनियर अधिकारियों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। बावजूद इसके सीहोर में वर्तमान में आरआर उइके जो कि मूलतः एक प्राचार्य हैं, पिछले 3 साल से इस पद पर काबिज हैं।

#### शिक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे

नियमों के विरुद्ध चल रही इस व्यवस्था का सीधा असर जिले की शिक्षा प्रणाली पर पड़ रहा है। सूत्रों की मानें तो मुख्यालय से लेकर ब्लॉक और ग्रामीण स्तर के स्कूलों में अफरा तफरी मची है। विभागीय कर्मचारियों का आरोप है कि डीपीसी पद पर प्राचार्य की नियुक्ति का फायदा उठाकर दफ्तर के बाबू और अन्य कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं। इससे शिक्षा का अधिकार जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन भी प्रभावित हो रहा है।

#### मेरिट लिस्ट और आदेश भी सीहोर में बेअसर

हैरानी की बात यह है कि स्कूल शिक्षा विभाग ने इसी महीने 06 मई 2026 को एक नया आदेश (क्रमांक 933/503235) जारी किया है। इसके तहत प्रदेश के मंडला, डिण्डौरी, बैतूल और रतलाम जैसे कई जिलों में लिखित परीक्षा और साक्षात्कार की मेरिट लिस्ट के आधार पर नए डीपीसी की नियुक्तियां कर दी गई हैं। राज्य शिक्षा केंद्र ने इसके लिए सितंबर 2025 में परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें 36 उम्मीदवारों की मेरिट लिस्ट भी जारी हुई थी, लेकिन सीहोर में बदलाव की कोई सुगबुगाहट नजर नहीं आ रही है।




जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर संजय तोमर ने बताया कि यह शासन स्तर का मामला है, इसमें मैं कुछ नहीं कह सकता।

## जोरदार नारेबाजी की और कलेक्ट्रेट गेट के सामने बैठकर किया प्रदर्शन

**सीहोर।** ढाबला गांव के किसान का अपहरण मामला जिले में सुर्खियों में बना हुआ है। गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर सैकड़ो किसानों और मेवाड़ा समाजजनों ने समाजसेवी सुरेंद्र सिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में बिलकिसगंज थाना पुलिस के द्वारा अपहरण के आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किए जाने को लेकर कड़ा आक्रोश प्रकट किया।

कलेक्ट्रेट पहुंच कर गुरुवार को अनेक किसानों और मेवाड़ा समाज जनों और पीड़ित के परिवार जनों ने जोरदार नारेबाजी की और कलेक्ट्रेट गेट के सामने बैठकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर्ताओं ने प्रशासन से अपहरण के शिकार हुए प्रेम सिंह मेवाडा को न्याय दिए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने समाजसेवी सुरेंद्र सिंह मेवाड़ा के नेतृत्व में सीधे कलेक्टर को ज्ञापन देने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में जबरदस्त हंगामा किया। ज्ञापन लेने पहुंचे नायब तहसीलदार को किसानों और मेवाड़ा समाज जनों ने वापस लौटा दिया। जोरदार नारेबाजी करते हुए लोग कलेक्ट्रेट गेट के सामने धरने पर बैठ गए। धरना प्रदर्शन में महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे। इस दौरान कोतवाली टीआई रविंद्र यादव और पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। हंगामा को समाप्त करते हुए डिप्टी कलेक्टर जमील खान ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारी किसानों मेवाड़ा समाज जनों से ज्ञापन लिया।



ज्ञापन के माध्यम से जिला प्रशासन से अपहण कांड को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने और डरा धमकाकर जमीन की जबरदस्ती की गई लिखापडी को निरस्त करने सहित परिवार को सुरक्षा प्रदान करने व दोषियो को सजा दिलाने की मांग की गई। कलेक्ट्रेट के बाद एसपी कार्यालय में भी कार्यवाही की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया।

## खबर संक्षेप



### महिला पॉलिटेक्निक में तकनीकी क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित

**सीहोर।** सीहोर के शासकीय महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) अंतर्गत संचालित स्टैंडर्ड क्लब द्वारा तकनीकी क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने विभिन्न तकनीकी विषयों, गुणवत्ता मानकों एवं सामान्य तकनीकी ज्ञान से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी प्रतिभा एवं बौद्धिक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में तकनीकी मानकों के प्रति जागरूकता विकसित करना, गुणवत्ता संस्कृति को बढ़ावा देना तथा प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास करना था। प्रतियोगिता में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग एवं मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट विभाग की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा, डॉ. पंकज जैन, हेमंत अंबुलकर, मेंटर विश्वास बगवैया एवं स्टाफ उपस्थित था।

### मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार वर्ष 2026 के लिए आवेदन शुरू

**सीहोर।** प्रदेश में शासकीय कार्यप्रणाली में नवाचार, सुशासन और जनसेवा के उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा "मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार" (नवाचार हेतु) वर्ष 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने जानकारी दी कि यह पुरस्कार मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों, विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा उनके अधीन कार्यरत निगम, मंडल, बोर्ड एवं संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके नवाचार आधारित उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिये प्रदान किये जायेंगे। ऐसे कार्य जिनसे प्रशासनिक कार्यप्रणाली, सेवा प्रदाय व्यवस्था अथवा जनहित में सकारात्मक और प्रभावी परिवर्तन आया हो। "मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार" के अंतर्गत नागरिक सेवा प्रदाय, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन, शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण, अधोसंरचना, सामाजिक समावेश एवं सशक्तिकरण, रोजगार एवं आर्थिक विकास जैसे प्रमुख कार्यक्षेत्रों में किए गए नवाचारों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार की संख्या 15 होगी। प्रत्येक पुरस्कार के लिए 1 लाख रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा। किसी एक कार्यक्षेत्र में एक से अधिक शासकीय सेवक पात्र पाए जाने पर पुरस्कार राशि समान रूप से वितरित की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई 2026 किये जा सकेंगे। पुरस्कार से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश एवं आवेदन प्रक्रिया विभाग की वेबसाइट awards.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

महिला डॉक्टर के अभाव में प्रसूताओं को होना पड़ता है परेशान, निजी अस्पतालों पर निर्भर मरीज, अनदेखी बनी परेशानी

# सिविल अस्पताल बदहाल: 300 मरीजों पर दो डॉक्टर, घंटों इंतजार को मजबूर लोग

वापसी की चर्चाओं से बढ़ा असंतोष, नसबंदी कांड के बाद भी नहीं सुधरा सिस्टम, जांच की पारदर्शिता और जवाबदेही पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

केंद्रीय कृषिमंत्री और क्षेत्र के प्रभावशाली जनप्रतिनिधियों के संसदीय व विधानसभा क्षेत्र में भैरुंदा तहसील के पीएससी स्वास्थ्य केंद्रो एवं सिविल अस्पताल इन दिनों अव्यवस्थाओं का पर्याय बनता जा रहा है। सिविल अस्पताल में यहां रोजाना करीब 300 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, लेकिन उनकी देखरेख की जिम्मेदारी महज दो डॉक्टरों के भरोसे है। नतीजतन ओपीडी से लेकर इमरजेंसी तक की सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं और मरीजों को घंटों लंबी कतारों में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है।

मौके पर सामने आए हालात व्यवस्था की गंभीर तस्वीर पेश करते हैं। ओपीडी में एक डॉक्टर लगातार मरीजों को देख रहे थे, जबकि दूसरे डॉक्टर को बार-बार इमरजेंसी सेवाओं के लिए जाना पड़ रहा था। इससे ओपीडी के बाहर मरीजों की लंबी कतार लग गई और कई मरीज बिना इलाज के ही इंतजार करते नजर आए।

हालत यह है कि गंभीर मरीजों को भी समय पर प्राथमिक उपचार नहीं मिल पा रहा है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अस्पताल की इमरजेंसी व्यवस्था भी स्थायी नहीं है। गोपालपुर, चकल्दी, इटावा और बाईबोड़ी लाड़कई जैसे पीएससी, उप स्वास्थ्य केंद्रों से डॉक्टरों को अस्थायी तौर पर 6-6 घंटे की ड्यूटी पर बुलाया जा रहा है। इससे भैरुंदा अस्पताल की व्यवस्था जहां अस्थायी सहारे पर टिकी हुई है, वहीं पीएससी व स्वास्थ्य केंद्रों पर भी स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं और वहां मरीजों का इलाज नर्सिंग स्टाफ के भरोसे चल रहा है।




### महिला डॉक्टर का अभाव बना बड़ा संकट

पिछले चार महीनों से अस्पताल में एक भी महिला डॉक्टर की तैनाती नहीं है, जो सबसे गंभीर चिंता का विषय है। इसका सीधा असर गर्भवती महिलाओं पर पड़ रहा है, जिन्हें जांच और परामर्श के लिए मजबूरी में निजी क्लीनिक और नर्सिंग होम का सहारा लेना पड़ रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह अतिरिक्त खर्च भारी पड़ रहा है। कई महिलाएं बिना समुचित चिकित्सकीय निगरानी के प्रसव के लिए मजबूर हैं, जिससे मां और नवजात दोनों की सुरक्षा खतरे में है।

### नसबंदी कांड के बाद भी नहीं सुधरे हालात

जनवरी माह में नसबंदी ऑपरेशन के दौरान कथित लापरवाही से ग्राम सिंहपुर निवासी आदिवासी महिला शिवानी बारेला की मौत के बाद अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हुए थे। परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में विरोध प्रदर्शन कर संबंधित डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। प्रशासन ने जांच और मुआवजे का आश्वासन दिया था, लेकिन महीनों बाद भी व्यवस्था में कोई ठोस सुधार नजर नहीं आ रहा है।

### जांच पर भी उठ रहे हैं सवाल, वापसी की चर्चाओं से बढ़ा असंतोष

घटना के बाद संबंधित महिला डॉक्टर को इछावर अस्पताल में अटैच किया गया था, लेकिन अब उनकी पुनः भैरुंदा में पदस्थापना की चर्चाएं तेज हो गई हैं। इसे लेकर स्थानीय स्तर पर असंतोष बढ़ रहा है और स्वास्थ्य विभाग की जांच प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों को आशंका है कि कहीं मामले को दबाने की कोशिश तो नहीं की जा रही।

### जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी सवालों में

हाल ही में 10 मई को आयोजित मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषिमंत्री के कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे, लेकिन किसी ने भी मंच से भैरुंदा तहसील ओर सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की कमी या महिला डॉक्टर की नियुक्ति का मुद्दा नहीं उठाया। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाता, तो समाधान की दिशा में पहल हो सकती थी।

### क्या बोले सिविल अस्पताल अधिकारी?

सीबीएमओ मनीष सारस्वत ने स्वीकार किया कि सिविल अस्पताल सहित तहसील क्षेत्र के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मियों की कमी है, जिसकी जानकारी जिला स्तर पर भेजी जा चुकी है। महिला डॉक्टर की नियुक्ति को लेकर उन्होंने बताया कि डॉक्टर रुक्मणि गुलहरिया की पुनः भैरुंदा में पदस्थापना की चर्चा है।

## अवैध पटाखों का धंधा बेखौफ, सड़कों पर आतिशबाजी, प्रशासन बना मौन

### दीपावली पर सख्ती, लेकिन सालभर नियम ताक पर, थाने में रखी 73 पेटी जब्त सामग्री भी बनी बड़ा खतरा




हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर में भीषण गर्मी के बीच जहां आमजन राहत के उपाय तलाश रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अवैध पटाखों का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। शादी-विवाह जैसे आयोजनों में सड़कों पर बेखौफ आतिशबाजी और बिना अनुमति पटाखों की बिक्री आम हो गई है। हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ जिम्मेदार प्रशासन की जानकारी में होने के बावजूद कार्रवाई के नाम पर चुप्पी साध ली गई है।

सूत्रों के अनुसार नगर के कई व्यापारियों के पास बड़ी मात्रा में पटाखों का अवैध स्टॉक मौजूद है, जिसे बिना लाइसेंस और सुरक्षा मानकों के बेचा जा रहा है। खासकर शादी समारोहों में बीच सड़कों पर आतिशबाजी से न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि किसी बड़े हादसे की आशंका भी बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। हर वर्ष दीपावली के दौरान प्रशासन पटाखों के भंडारण और बिक्री को लेकर सख्त नियम लागू करता है। लाइसेंस, सुरक्षा मानक और निर्धारित स्थानों पर ही बिक्री की अनुमति दी जाती है। लेकिन त्योहार समाप्त होते ही ये नियम कागजों तक सीमित रह जाते हैं। वर्तमान हालात यह दर्शाते हैं कि नियमों का पालन केवल औपचारिकता बनकर रह गया है और सालभर अवैध कारोबार बेरोकटोक जारी रहता है।

इसी बीच दीपावली से पहले पुलिस द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई भी अब सवालों के घेरे में है। उस दौरान करीब 73 पेटी अवैध पटाखे जब्त किए गए थे, जिनकी कीमत लगभग 12 लाख रुपए आंकी गई थी। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि यह जब्त सामग्री आज भी थाना परिसर में ही रखी हुई है। नगर के बीच स्थित थाने में इतनी बड़ी मात्रा में ज्वलनशील सामग्री का भंडारण स्वयं एक गंभीर सुरक्षा जोखिम बन गया है।

थाना प्रभारी घनश्याम दांगी का कहना है कि जब्त पटाखों के नस्तीकरण के लिए मामला न्यायालय में विचाराधीन है और आदेश मिलते ही भोपाल से विशेषज्ञ टीम बुलाकर इन्हें नष्ट कराया जाएगा। हालांकि, तब तक इस सामग्री का थाना परिसर में रखा रहना किसी भी अप्रिय घटना को आमंत्रण दे सकता है।

हाल ही में देवास जिले में पटाखा फैक्ट्री में हुई आगजनी की घटना ने सुरक्षा व्यवस्थाओं की पोल खोल दी थी, लेकिन भैरूंदा में उससे कोई सबक नहीं लिया गया है। जिस तरह से अवैध भंडारण और सार्वजनिक स्थानों पर आतिशबाजी जारी है, वह प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

नगरवासियों ने मांग की है कि अवैध पटाखों के कारोबार पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए, पूरे नगर में सघन जांच अभियान चलाकर स्टॉक की जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो किसी बड़े हादसे के बाद की जाने वाली कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगी।

## कुबेरेश्वरधाम पर प्रदोष के पावन अवसर पर एक क्विंटल फूलों से किया विशेष श्रृंगार

### कुबेरेश्वरधाम पर पहुंचे 35 हजार से अधिक श्रद्धालु, शाम को बाबा की आरती

**सीहोर।** देश और विदेश में करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के केन्द्र जिला मुख्यालय स्थित कुबेरेश्वरधाम पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पर आते है। गुरुवार को भी विठलेश सेवा समिति ने अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को सुबह करीब 5 क्विंटल नुक्ति और छह क्विंटल से अधिक खिचड़ी का भोग लगाकर देश की सबसे बड़ी भोजनशाला से भोजन प्रसादी का वितरण किया। इस मौके पर समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा और पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि गुरुवार को कुबेरेश्वरधाम पर प्रदोष के पावन अवसर पर एक क्विंटल फूलों से बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया था। यहां पर नियमित रूप से मुरली मनोहर मंदिर और धाम पर बाबा के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु आते है। आरती और भोजन प्रसादी के दौरान करीब 35 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने आस्था और उत्साह के साथ बाबा की पूजा अर्चना के पश्चात भोजनप्रसादी ग्रहण की। धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क रूप से पेयजल, भोजन और रुद्राक्ष का वितरण किया जाता है और गर्मी अधिक होने के कारण यहां पर समिति के द्वारा दोपहर में पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में शीतल पेयजल का निशुल्क वितरण किया जाता है।

### प्रदोष का महत्व बताया

उन्होंने बताया कि प्रदोष के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में स्थित बाबा का 1 क्विंटल फूलों से विशेष श्रृंगार किया। भगवान शिव और पार्वती की यहां पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। धाम के कंकर-कंकर में शंकर व्याप्त है। कलियुग में जब मनुष्य धर्म के आचरण से हटकर अधर्म की राह पर जा रहा होगा और हर तरफ अन्याय और अनाचार का बोलबाला होगा, उस समय प्रदोष व्रत ही ऐसा व्रत होगा जो मानव को शिव की कृपा का पात्र बनाएगा। मनुष्य के सभी प्रकार के कष्ट और पाप इस व्रत को करने से नष्ट हो जाएंगे। इसीलिए इस दिन भगवान शिव और पार्वती की पूजा की जाती है।

## गोपेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव और श्रीकृष्ण की भक्ति का अनूठा संगम: पंडित प्रदीप मिश्रा



**सीहोर।** शहर के मुगीसपुर के समीपस्थ श्री राधेश्याम विहार कालोनी में गत दिनों पांच दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अलावा महायज्ञ का आयोजन किया गया था। यहां पर भव्य रूप से छह हजार स्क्वायर फीट परिसर में भगवान गोपेश्वर महादेव मंदिर का नवनिर्माण किया गया है। गुरुवार को यहां पर कालोनीवासियों ने गोपेश्वर माहदेव का विशेष श्रृंगार किया। इस मौके पर दर्शन के लिए पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहाकि कालोनी में नव निर्मित भव्य मंदिर भगवान शिव और श्रीकृष्ण की भक्ति का अनूठा संगम है।

इस मौके पर उन्होंने यहां पर मौजूद विठलेश सेवा, कुबेरेश्वरधाम और संस्कार मंच की महिला मंडल का स्वागत करते हुए कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि परिवारों में महिला को घर की आध्यात्मिक शक्ति, लक्ष्मी और धर्म की रक्षक माना जाता है। पारंपरिक हिंदू परिवारों की अगर सबसे बड़ी खासियत देखी जाए तो वो है घर में महिलाओं की मौजूदगी और उनका गहरा आध्यात्मिक जुड़ाव, हमारे समाज में स्त्रियों को हमेशा से ही देवी स्वरूप माना गया है। कहते हैं जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता स्वयं वास करते हैं। इसी सोच के चलते भारतीय घरों में महिलाओं की भूमिका केवल खाना बनाने या घर संभालने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वे पूरे घर की आध्यात्मिक ऊर्जा की धुरी होती हैं।

सुबह के समय तुलसी में जल डालना हो, रसोई में पहली रोटी गाय के लिए निकालना हो या घर के दरवाजे पर रंगोली बनाकर नकारात्मक ऊर्जा को दूर रखना हो, यह सब काम महिलाएं बड़े प्रेम और श्रद्धा से करती हैं। इससे ना सिर्फ घर में सकारात्मक वातावरण बना रहता है, बल्कि बच्चों को भी शुरू से अच्छे संस्कार मिलते हैं। सच कहें तो महिलाएं ही अपने घरों में धर्म और परंपराओं को जीवित रखती हैं।

### प्रतिदन नियमित रूप से किया जाएगा शिव चालीसा का पाठ

संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि शिव चालीसा का नियमित पाठ करना अत्यंत फलदायी है, जो 30 दिन लगातार करने से मनोकामनाएं पूरी करता है। यह मानसिक शांति, भय से मुक्ति, और भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का सबसे आसान उपाय है। इसके अलावा मंदिर परिसर में स्थित यज्ञ शाला में हनुमान चालीसा का पाठ सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### बुधनी तहसील में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य हुआ पूरा, दी बधाई



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधनी तहसील में मकान सूचीकरण का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। इस सराहनीय उपलब्धि के लिए बुधनी एसडीएम दिनेश सिंह तोमर और तहसीलदार ललित सोनी ने सभी सुपरवाइजर्स, प्रगणक और पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि कम समय में शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति न केवल अन्य सुपरवाइजर्स और प्रगणकों के लिए प्रेरणास्रोत है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि यदि जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य किया जाए तो निर्धारित समयसीमा के भीतर उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। जनगणना के प्रथम चरण में बुधनी तहसील अंतर्गत 20,743 मकानों का सर्वेक्षण किया गया, जिसमें 77,107 जनसंख्या का विवरण संकलित किया गया है।

विधानसभा के 6 गांव में भूमि-पूजन और लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न

# ग्रामीणों को विधायक सुदेश राय ने दी करोड़ों रुपए के विकास व निर्माण कार्यों की सौगात






हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुधवार को विधायक सुदेश राय ने विधानसभा क्षेत्र का तुफानी दौरा किया। विधायक सुदेश राय ने विभिन्न निर्माणकार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

हर गांव तक सड़क और हर घर तक विकास के संकल्प को विधायक सुदेश राय ने पूरा किया। ग्रामीणों से सीधे चर्चा कर निर्माणकार्यों और समस्याओं के निराकरण को लेकर विधायक सुदेश राय सीधे जनता से फीडबैक लिया।

ग्रामीणों सरपंचों पचों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक सुदेश राय का आत्मीयता के साथ स्वागत सम्मान कर करोड़ों रूपये के निर्माण कार्यो की सौगात देने पर हदृय से आभार व्यक्त किया। मुंगावली में विधायक सुदेश राय ने बुजुर्गो माता बहनों की विशेष उपस्थिति में 54 लाख 38 हजार रूपए से बनने वाले 2 कक्ष, 2 लैब, व बाउंड्रीवाल निर्माण और ग्राम सेमरादांगी से बरखेड़ा तक 356.08 लाख रुपए लागत के रोड निर्माण सहित अहमदपुर ग्राम पंचायत में 64.91 लाख रुपए से के 2 कक्ष, 2 लैब, व गेट का एवं श्यामपुर में 108.62 लाख रुपए लागत से बनने वाले 7 कक्ष, बाउंड्री वाल, शौचालय व रोड निर्माण का भूमिपूजन किया। इसी प्रकार गरीमापूर्ण कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने दोराहा नहर से चैनपुरा तक 75.05 लाख रूपए की लागत से हुए डामरीकरण कार्य एवं विधानसभा क्षेत्र के चरनाल में 2 करोड़ 95 लाख रुपए से बने आयुष्मान आरोग्य मंदिर नवीन भवन का लोकार्पण किया।

### कॉलेज चलो अभियान के तहत विद्यार्थियों को किया जा रहा जागरूक

**सीहोर ।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस द्वारा कॉलेज चलो अभियान संचालित किया जा रहा है। कॉलेज की समिति द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत ड्रॉप आउट विद्यार्थियों एवं ऐसे छात्र-छात्राओं को चिन्हित किया जा रहा है जो किसी कारणवश आगे की पढ़ाई से वंचित है अथवा कॉलेज में प्रवेश लेने के प्रति जागरूक नहीं है। प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने बताया कि टीम द्वारा विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से व्यक्तिगत संपर्क कर संवाद के माध्यम से उच्च शिक्षा के महत्व, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों, शासकीय योजनाओं, छात्रवृत्तियों एवं भविष्य निर्माण की संभावनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही स्कूलों में पहुंचकर कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को कॉलेज में उपलब्ध विभिन्न विषयों, नवीन शिक्षा नीति, कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रमों, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रमों, कैरियर अवसरों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संबंधी सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी को उच्च शिक्षा से जोड़ना, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना तथा युवाओं को आत्मविश्वास एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में अग्रसर करना है। महाविद्यालय में प्रवेश के लिए आ रहे विद्यार्थियों के लिए सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया है, जो जागरूकता के साथ-साथ विद्यार्थियों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।




### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रमेश आ. श्री हरिनारायण निवासी ग्राम धामन्दा तहसील इछावर जिला सीहोर म०प्र० के स्वत्व व आधिपतय की ग्राम आबादी में भूमि सर्वे नंबर 496, 497 का हिस्सा 55 वर्गमीटर भूखण्ड कमांक 260 पी, अर्थात 592 वर्गफिट स्थित ग्राम धामन्दा तहसील व जिला सीहोर जिसकी चतुर्थ सीमाए पूर्व दिशा में प्लाट नंबर 261, पश्चिम दिशा में रोड़, उत्तर दिशा में प्लाट नंबर 239, दक्षिण में प्लाट नंबर 262 है में भवन निर्माण हेतु उक्त संपत्ति को म०प्र० ग्रामीण बैंक शाखा धामन्दा जिला सीहोर में ऋण की सुरक्षा हेतु बंधक रखा जा रहा है।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखने में किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्थान, सरकारी बैंक, गैर सरकारी बैंक को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का कोई भार हो तो उक्त सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय दस्तावेजीय प्रमाण के साथ नीचे दिये पते पर आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि उपरांत यह मान लिया जायेगा कि उपरोक्त संपत्ति सभी भारों से मुक्त है। समयावधि उपरांत प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी तथा मेरी पक्षकार बैंक पर बंधनकारी नहीं होगी।

कृपया सूचित हो।

भवदीय, **सचिन तिवारी,**
अधिवक्ता सीहोर, मो. 9826975995

## स्वामी विवेकानंद विद्यालय की दो छात्राओं ने किया स्कूल और परिवार का नाम रोशन

# टॉप-10 में बेटियों का दबदबा, 10 में से 8 ने मारी बाजी, दिशा जिला टॉपर, अशिता द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं के घोषित परीक्षा परिणाम में इस वर्ष राजगढ़ जिले की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष 10 स्थानों में से 8 स्थानों पर कब्जा जमाया।

जिले में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर क्रमशः दिशा सक्सेना (98.6ः) तथा आशिता साहा (98.0ः) रहीं। उल्लेखनीय है कि दोनों ही छात्राएँ स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़ की छात्राएँ हैं तथा उन्होंने इसी विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक अध्ययन किया है। दोनों सहेलियों की इस असाधारण उपलब्धि पर सीबीएसई तथा समस्त जिला परिवार ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।

### सफलता का श्रेय प्राचार्य, शिक्षकों और माता-पिता को दिया

दिशा सक्सेना और आशिता साहा ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों, प्राचार्य, अपने माता-पिता तथा स्वयं की नियमित स्व-अध्ययन को दिया है। उनका कहना है कि उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में अध्ययन किया तथा कभी किसी कोचिंग का सहारा नहीं लिया।

टॉपर्स ने आने वाली पीढ़ी के विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि नियमित रूप से विद्यालय जाना ही सफलता की सबसे मजबूत नींव है। विद्यार्थियों को शिक्षकों पर विश्वास रखना चाहिए, मन लगाकर अध्ययन करना चाहिए तथा किसी भी विषय में कठिनाई होने पर सीधे अपने शिक्षकों से मार्गदर्शन लेना चाहिए। उन्होंने अनावश्यक ट्यूशन एवं कोचिंग से बचते हुए अधिक समय स्व-अध्ययन को देने की सलाह दी।

जिला राजगढ़ के सीबीएसई डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर 'श्री ए. साहा, प्राचार्य स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़' ने बताया कि जिले में कुल 25 सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय संचालित हैं तथा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में लगभग 850 विद्यार्थी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा के सुचारू, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन हेतु जिले में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

### खास बातें

- दिशा सक्सेना 98 .6 प्रतिषत, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल राजगढ़।
- आशिता साहा 98 .0 प्रतिषत, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़
- प्रयाग साक्यवाड़ 95 .6 प्रतिषत, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़
- संजू विश्नोई 95 .2 प्रतिषत, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़
- प्रियांशी राठौर, 95 .2 प्रतिषत, जवाहर नवोदय विद्यालय, राजगढ़
- प्रेम खत्री, 94 .6 : फ्यूचर इंटरनेशनल स्कूल, सारंगपुर
- प्रियंका सिसोदिया, 93 .8 प्रतिषत, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, ब्यावरा
- किरण मिश्रा 93 .6 प्रतिषत, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, राजगढ़
- आर्वा सब्बीर हुसैन 93 .0 प्रतिषत, ज्योति कॉन्वेंट स्कूल, ब्यावरा
- वंशिका माहेश्वरी 93 .0 प्रतिषत, फ्यूचर इंटरनेशनल स्कूल, सारंगपुर

### ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल ने 12वीं में रचा कीर्तिमान



ब्यावरा। स्थानीय ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वाणिज्य संकाय के छात्रों ने विशेष रूप से सराहनीय प्रदर्शन किया है। विद्यालय की मेरिट सूची में प्रथम स्थान लक्षिता सिंघी 93.4 प्रतिषत, द्वितीय अरवा शब्बीर हुसैन 93.प्रतिषत, तृतीय अर्चित साहू 91 प्रतिषत और मयूर शर्मा 91 प्रतिषत अंक हासिल किए। विद्यालय प्रबंधन ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक फादर जोस ने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय परिवार सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित करता है।



# विधायक के हस्तक्षेप पर नपा अध्यक्ष-सीएमओ में समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर

स्थानीय नगर परिषद में बीते दिनों अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के बीच हुआ विवाद आखिरकार विधायक के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गया। बुधवार दोपहर करीब 1 बजे दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से विवाद खत्म करते हुए नगर विकास एवं जनहित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

उल्लेखनीय है कि 07 मई को निजी भुगतान को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी एवं उनके पुत्र महेंद्र चंद्रवंशी का सीएमओ लीलाधर सेन से विवाद हो गया था। घटना के बाद मामला कुरावर थाने पहुंचा, जहां सीएमओ श्री सेन ने मारपीट, अभद्रता एवं गाली-गलौज के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद जिलेभर के नगर परिषद एवं नगर पालिकाओं के सीएमओ ने जिला कलेक्टर एवं एसपी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की थी। वहीं अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी भी पार्षदों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे। मामले के राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर तूल पकड़ने के बाद मंगलवार शाम विधायक मोहन शर्मा वरिष्ठ नागरिकों के साथ सीएमओ लीलाधर सेन से मिले और पूरे मामले पर चर्चा की। विधायक की समझाइश के बाद दोनों पक्ष समझौते पर राजी हो गए।

इस दौरान विधायक शर्मा ने कहा कि देश लोकतांत्रिक व्यवस्था से चलता है और लोकतंत्र में सबसे बड़ा पहलवान जनता जनार्दन होती है।

# किसानों के गेहूं की तुलाई नहीं होने से हाइवे पर चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर.





शासन के समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में लेट लतीफी एवं अव्यवस्था से परेशान किसानों ने नगर के नहर पुलिया से आगे पचोर, छापीहेड़ा--जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग पर अपने गेहूं से भरें ट्रेक्टर खड़े करके जाम लगा दिया। जानकारी के मुताबिक बटावदा रोड स्थित सालासर वेयरहाउस में समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी की जा रही थी। लेकिन वेयर हाउस फुल होने के कारण तुलाई नहीं होने से नाराज किसानों ने बुधवार दोपहर को जीरापुर-- छापीहेड़ा ,पचोर मार्ग पर चक्का जाम किया।

किसानों ने बताया कि 4-5 दिनों से भीषण गर्मी से परेशान होने पर गेहूं की तुलाई न होने और टोकन जारी करने के बावजूद उपज न बिकने पर नाराजगी जताई तथा टोकन नंबर के बावजूद गेहूं नहीं तोलने जबकि हमें ट्रेक्टर भाड़ा अलग से भुगतना पड़ रहा है, गेहूं कहा तोले जायेंगे हम परेशान हो गए।जब सड़क पर ट्रेक्टर खड़े किए। जैसे ही प्रशासन एवं पुलिस को जाम लगाने की जानकारी मिली तहसीलदार कमलसिंह सोलंकी एवं पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों से चर्चा करके अन्यत्र स्थान पर समर्थन मुल्य गेहूं तुलाई के लिए किसानों को बताया इसके बाद किसानों ने ट्रेक्टर हटायें।

इस दौरान तहसीलदार कमलसिंह सौलंकी ने अतिरिक्त स्थान समीपवर्ती गांव राजाहेडी स्थित स्कूल परिसर में गेहूं तुलाई के आश्वासन के बाद किसानों से जाम खुलवाया। सड़क पर जाम लगभग आधा घंटा से अधिक समय तक चला, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लग गई। वाहनों में बैठे यात्री भीषण गर्मी में काफी देर परेशान होते रहे।

# ठेकेदार ने रोड पर बनाया वैकल्पिक रास्ता गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶लखनवास



समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने सोसाइटी जा रहे किसान का ट्रैक्टर-ट्रॉली वैकल्पिक रास्ता में पलट गया। जिसमें करीब 60 क्विंटल गेहूं सड़क पर बिखर जाने से किसान को हजारों का नुकसान हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि पटेल कंस्ट्रक्शन ठेकेदार द्वारा मुख्य सड़क पर दोनो साइट पुलिया का काम चलने के कारण बनाया गया वैकल्पिक रास्ता मानक के अनुरूप नहीं है। जिस पर ना तो मुरम डाली गई, ना रोलर चलाया गया साथ ही पानी का चिड़कऊ नहीं करने से धूल उड़ रही, जिससे सामने बने हुए गड्ढा दिखाई नहीं देने से यह हादसा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक किसान मोहित पवांर ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं भरकर लखनवास सोसाइटी जा रहे थे। मुख्य मार्ग बंद होने से उन्हें वैकल्पिक कच्चे रास्ते से निकलना पड़ा। रास्ते में बड़े-बड़े गड्ढे और दलदल होने से ट्रॉली का संतुलन बिगड़ा और पलट गई। गनीमत रही कि ड्राइवर को चोट नहीं आई, लेकिन पूरा 60 कुंटल गेहूं मिट्टी में मिल गया।

### निजी भूमि मालिक ने किया विरोध

वैकल्पिक रास्ता एक निजी खेत से होकर निकाला गया है। खेत मालिक झब्बीलाल वासरमेंन ने विरोध जताते हुए कहा, ये मेरी निजी भूमि है। ठेकेदार ने बिना पूछे रास्ता निकाल दिया। रोज सैकड़ो वाहन ट्रक बड़े-बड़े डंपर ट्रैक्टर-ट्रॉली निकलने से जमीन दबकर बंजर हो जाएगी। इसमें फिर फसल उत्पन्न नहीं होगी। मेरी जीविका इसी खेत से चलती है। या तो मुझे उचित मुआवजा दिया जाए, या फिर मैं किसी को नहीं निकलने दूंगा।

### एसपी ने धरनावदा थाने का निरीक्षण किया

**गुना**। जिले में पुलिस कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हितिका वासल द्वारा आये दिन जिले के थानों के औचक निरीक्षकण कर सुधार हेतु संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं । इसी क्रम में दिनांक 12-13 मई 2026 की दरम्यानी रात में पुलिस अधीक्षक हितिका वासल द्वारा जिले के धरनावदा थाने का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की व्यवस्थाओं, अभिलेखों, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस कार्य, लंबित अपराध एवं शिकायतों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई । पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर में साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण एवं पुलिस कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, फरियादियों की समस्याओं के संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ निराकरण तथा अपराध नियंत्रण के लिए सतत एवं प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश थाना स्टाफ को दिए गए । निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभावी रात्रि गश्त, निगरानी बदमाशों पर सतत नजर रखने, अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए ।

# बाइपास पर कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक गंभीर घायल


## ड्राइवर को झपकी आने से बजरंगगढ़ क्षेत्र में कार पलटी आधा दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

शहर के बाइपास पर बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना सुबह करीब 10 बजे सेंगर ढाबा के पास की बताई जा रही है, जहाँ एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। उधर जिले के बजरंगगढ़ क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। भोपाल से लौट रहे शिवपुरी जिले के एक परिवार की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में दो बच्चों सहित छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

### टक्कर मारकर कार चालक फरार

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक (एमपी 08 जेडसी 9904) पर सवार होकर दो लोग जा रहे थे, तभी सामने से आ रही एक अनियंत्रित कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया।





### अस्पताल में भर्ती पुलिस जांच में जुटी

सड़क पर गिरे घायलों को देख राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया. डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया है, जबकि दूसरे घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उसका उपचार जारी है । सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### कार अनियंत्रित हो गई और सीधे पेड़ से जा टकराई

जानकारी के अनुसार हादसा सुबह करीब 6:30 बजे बजरंगगढ़ क्षेत्र में हुआ। बताया जा रहा है कि वाहन चालक को झपकी आने के कारण कार अनियंत्रित हो गई और सीधे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार क्षतिग्रस्त हो गई तथा उसमें सवार लोग घायल हो गए।घायलों में श्रीकृष्ण रघुवंशी, रामवती, हरिओम, हरिमोहन, अरुणा और 9 वर्षीय मिल्की शामिल हैं। बताया गया है कि परिवार भोपाल में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहा था।

अरुणा का गुना में बीए द्वितीय वर्ष का परीक्षा पेपर होने के कारण परिवार सुबह जल्दी रवाना हुआ था।घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य किया तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चार दिन में 4.6 डिग्री बढ़ा तापमान, 44 के पार पहुंचा पारा



**गुना**। जिले में गर्मी लगातार विकराल रूप धारण करती जा रही है। पिछले चार दिनों में अधिकतम तापमान में 4.6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 10 मई को जहां अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस था, वहीं 13 मई को यह बढ़कर 44.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय शहर की सड़कें सूनी नजर आने लगी हैं।मौसम विभाग के अनुसार 13 मई को अधिकतम तापमान 44.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की आर्द्रता 41 प्रतिशत रही, जबकि शाम को यह घटकर मात्र 13 प्रतिशत रह गई। लगातार गिरती नमी और बढ़ती गर्मी से लोगों को उमस भरी तपिश का सामना करना पड़ रहा है।इससे पहले 12 मई को अधिकतम तापमान 43.3 डिग्री, 11 मई को 41.5 डिग्री और 10 मई को 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। चार दिनों से जिले में वर्षा नहीं हुई है और मौसम पूरी तरह शुष्क बना हुआ है। भीषण गर्मी के चलते दोपहर के समय बाजारों में भीड़ कम दिखाई दे रही है। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। अस्पतालों में भी गर्मी से जुड़ी समस्याओं जैसे डिहाइड्रेशन, सिरदर्द और थकान के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और हल्के सूती कपड़े पहनने की सलाह दी है।

# मोबाइल कोर्ट ने दिलवाया कांतिबाई को उसकी भूमि पर कब्जा



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अभिनव पहल मोबाइल कोर्ट के माध्यम से किसानों को मिला संबल वर्षों पुराने रास्ते खुलवाए जा रहे हैं। वहीं अपनी स्वयं की निजी भूमि पर कब्जा देकर उनका हक दिलवाया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील मधुसूदनगढ़ के ग्राम इमलिया के कांतिबाई पत्नी लक्ष्मीनारायण तथा मानसिंह पुत्र बिहारी लाल बीलखेड़ा द्वारा आवेदन पेश कर अपनी समस्या के निराकरण हेतु निवेदन किया था जिसे मोबाइल कोर्ट के माध्यम से चिन्हित कर निराकरण के निर्देश प्रदाय किए गए थे। इसके पालन में एसडीएम राघौगढ़ अमित कुमार सोनी के निर्देश पर मधुसूदनगढ़ तहसीलदार डॉ. उदय सिंह, नायब तहसीलदार कार्यपालिक दंडाधिकारी कमल सिंह कोली राजस्व निरीक्षक लल्लू सिंह भील पटवारी परमाल सिंह भील नीलम कार्तिकेय कोटवार द्वारा ग्राम इमलिया के सर्वे क्रमांक 43/1/1 रकबा 0.365 हे. भूमि पर अनावेदक शांतिबाई पत्नी नाथूलाल लक्ष्मीनारायण पुत्र गोरे लाल से मौके पर कांतिबाई पत्नी लक्ष्मीनारायण को कब्जा सौंपा गया तथा ग्राम बीलखेड़ा में अनावेदक बलराम पिता बापूलाल एवं जगदीश पिता सोटरिया द्वारा खेतों पर जाने वाले रास्ते को खुलवाकर आवेदक मानसिंह पुत्र बिहारीलाल के रास्ते का मौके पर निराकरण कराया गया। इस प्रकार तहसील मधुसूदनगढ़ में अभी तक कुल 41 मोबाइल कोर्ट के आवेदनों का निराकरण किया गया।

## मनकामेश्वर धाम में राम कथा का समापन, आज होगा कन्या विवाह सम्मेलन और भंडारा

# धर्म और विजय का संदेश, श्रद्धालु भक्ति में भावविभोर हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना



शिक्षा विभाग परिसर के पीछे स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर में चल रही भव्य श्रीराम कथा के नवम दिवस पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचिका प्रियंका भारती ने लंका दहन, श्रीराम-हनुमान संवाद और धर्म विजय के प्रसंगों का ओजस्वी वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

कथा में उन्होंने कहा कि लंका दहन केवल एक घटना नहीं, बल्कि अधर्म, अहंकार और अन्याय के अंत का प्रतीक है। श्रीराम और हनुमान के संवाद का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि सच्ची भक्ति वही है जिसमें सेवा, समर्पण और अहंकार का अभाव हो।कथा के दौरान "राम नाम सुखदायी", "मेरे राम आएंगे" और "जय हनुमान ज्ञान गुण सागर" जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। पूरा परिसर "जय श्रीराम" के उद्घोषों से गूंज उठा और वातावरण राममय हो गया।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, जिला महामंत्री रविंद्र रघुवंशी, जिला महामंत्री संतोष धाकड़, जिला पंचायत सदस्य सहित नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता उपस्थित रहीं और साध्वी से आशीर्वाद लिया।कथा के समापन अवसर पर आज भव्य महाआरती आयोजित की जाएगी, जबकि गुरुवार को निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।मनकामेश्वर महादेव मंदिर समिति ने बताया कि आयोजन में समाजसेवियों द्वारा गुप्त दान के माध्यम से सहयोग किया जा रहा है। कोई विवाह सामग्री, कोई वस्त्र तो कोई भंडारे की सामग्री भेंट कर रहा है। नपाअध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी निर्धन कन्याओं के विवाह सम्मेलन नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे और उन्हें पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। समापन पर देर रात संकीर्तन और आरती का वातावरण बना रहा।

### निरीक्षण, अध्यक्ष ने सुधार के निर्देश दिए

**चाचौड़ा-बीनागंज**। वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद राजेश खटीक एवं वार्डवासियों द्वारा जल आपूर्ति व्यवस्था संबंधी लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों एवं सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज की अध्यक्ष द्वारा अनुविभागीय अधिकारी चाचौड़ा के साथ वार्ड का सघन निरीक्षण एवं जनसंपर्क किया गया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वार्डवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना तथा जल आपूर्ति व्यवस्था में आ रही परेशानियों के शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही व्यवस्था में सुधार लाने एवं नियमित जल प्रदाय सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 9 की पार्षद श्रीमती राजेश्वरी गुलाब जादौन एवं नगर परिषद के उपयंत्री श्री दीपक किरार भी उपस्थित रहे।नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज द्वारा कहा गया कि परिषद जनता की मूलभूत सुविधाओं के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है तथा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### जंगल में महिला का शव मिलने से फैली सनसनी

**चापडा।** कमलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खेड़ा खाल के जंगल में एक महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत महिला की पहचान जया पति मास्टर बारेला निवासी जामनझीरी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला दो-तीन दिन पहले बिना बताए घर से कहीं चली गई थी।जानकारी के मुताबिक महिला के तीन बेटे हैं, जबकि पति-पत्नी गांव में अकेले रहते थे। जंगल में महिला का शव पड़े होने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी कमलापुर थाना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

### अभियान के तहत तालाब से निकाली गाद

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह मार्गदर्शन में देवास जिले में "जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाकर जल संकट के समाधान और भू-जल स्तर को सुधारने के उद्देश्य से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जनपद पंचायत सोनकच्छ की ग्राम पंचायत खेरियाजागीर तालाब से मिट्टी निकालने का कार्य किया जा रहा है। तालाब गहरीकरण से जल संग्रहण क्षमता बढ़ेगी और भविष्य में जल संकट से निपटा जा सके।

### समर कैंप प्रारंभः विद्यार्थी सीख रहे विभिन्न कला

**चापड़ा ।** सांदीपनी विद्यालय सीएम राइस बागली में समर कैंप का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ विद्यालय की प्राचार्य प्रकाश डाबी द्वारा किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न कलाओं और गतिविधियों में निपुण बनने की प्रेरणा दी। समर कैंप में विद्यार्थियों को इंग्लिश स्पोकन, चित्रकला, क्रिकेट, योग, नृत्य, पारंपरिक खेल, संगीत, कैरम, कबड्डी, बैडमिंटन, चेस, प्राणायाम, डांस और फुटबॉल जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छात्र प्रशिक्षक राहुल कोरी और तुलसी परमार के मार्गदर्शन में विभिन्न विधाएं सीख रहे हैं।कैंप को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। छात्र अपने अनुभव लिखकर साझा कर रहे हैं। साथ ही जल संवर्धन और विद्यालय से जुड़े विषयों पर चित्रकला प्रतियोगिता में भी भाग ले रहे हैं।

### आयुष्मान घोटाले पर प्रदर्शन डॉक्टरों-कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर की नारेबाजी

# सिविल अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ ने जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की

### काली पट्टी बांधकर नारेबाजी करते हुए घोटाले के आरोपियों पर कार्यवाही की मांग, तीन माह बाद भी नहीं हुई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सिविल अस्पताल में आयुष्मान योजना की प्रोत्साहन राशि में 46 लाख रुपए के गबन को लेकर डॉक्टरों और कर्मचारियों ने विरोध किया। अस्पताल परिसर में हाथों पर काली पट्टी बांधकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारियों ने आयुष्मान घोटाले के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और लंबित भुगतान की मांग की। आपको बता दें कि तीन माह पूर्व सिविल अस्पताल आष्टा में 46 लाख रुपए से अधिक का आयुष्मान घोटाला उजागर हुआ था जिसके बाद आयुष्मान नीरामयम विभाग भोपाल ने के आदेश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया ने 6 सदस्यीय जांच टीम गठित कर जांच करवाई थी वही बीते दिनों जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट भी प्रस्तुत कर दी है लेकिन अब तक दोषियों पर कार्यवाही देखने को नहीं मिली है जिसके चलते अब स्वास्थ विभाग के खिलाफ सिविल अस्पताल के ईमानदार और निष्ठावान डॉक्टर और कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है जहां विगत दिवस ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की गई थी वही अब सिविल अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ ने विरोध प्रदर्शन कर कार्यवाही की मांग उठाई है प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि आयुष्मान योजना के तहत मरीजों के उपचार के बदले मिलने वाली प्रोत्साहन राशि का वितरण नियमानुसार डॉक्टरों और स्टाफ में होना था। आरोप है कि तत्कालीन वित्तीय प्रक्रिया में हेराफेरी कर लगभग 46 लाख रुपए का गबन कर लिया गया। कई महीनों से भुगतान न होने के कारण कर्मचारियों में भारी आक्रोश है।

#### पूरी हो चुकी जांच, कलेक्टर से लेकर आयुक्त तक पहुंची रिपोर्ट, कार्रवाई नहीं

मामले की शिकायत के बाद डेढ़ महीने की लंबी पड़ताल के बाद 6 सदस्यीय जांच टीम ने विभागीय जांच पूरी कर अंतिम रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सुधीर डहरिया को पेश की इसके बाद सुधीर डहरिया ने यह रिपोर्ट कलेक्टर बालागुरु के को पेश की फिर जानकारी आई कि इसके बाद रिपोर्ट को स्वास्थ आयुक्त को भेजी लेकिन इन सबके बावजूद आयुष्मान की प्रोत्साहन राशि में घोटाला करने वाले दोषियों पर अब तक एफआईआर तो दूर की बात है विभागीय कार्यवाही तक नहीं की गई है। वही जांच रिपोर्ट भी प्रशासन ने अब तक सार्वजनिक नहीं की है

#### भ्रष्टाचार की जड़ें मजबूत, जांच रिपोर्ट दबा कर बचाने का प्रयास

सिविल अस्पताल के डॉ. भूपेंद्र परमार और स्टाफ लेब टेक्नीशियन रविकांत, ज्योति मित्तल के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि जांच रिपोर्ट दबाकर दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। वही राजनीतिक संरक्षण के चलते इस तरह से घोटलों को अंजाम देने वालों पर कार्यवाही नहीं हो रही है तो सिविल अस्पताल के ईमानदार निष्ठावान कर्मचारियों का मनोबल भी टूट रहा है। कर्मचारियों ने बीएमओ डॉ. अमित माथुर को आवेदन देकर मांग की है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए और पात्र कर्मचारियों को उनकी राशि दी जाए। चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र उचित निर्णय नहीं लिया गया, तो आगामी दिनों में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।



## नपा के प्रयास से वाल्मीकि नगर में गहराया जल संकट खत्म

### हैंडपंप की जगह लगी मोटर और टंकी



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के वार्ड क्रमांक 14 स्थित वाल्मीकि नगर के रहवासियों को पिछले कई दिनों से हो रही पानी की किल्लत से अब स्थाई निजात मिल गई है। क्षेत्र में तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़े हैंडपंप की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा ने त्वरित निराकरण के निर्देश दिए थे, जिसके फलस्वरूप आज वहां विद्युत मोटर और पानी की टंकी स्थापित कर जल प्रदाय शुरू कर दिया गया। जनहित को सर्वोपरि रखते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा ने अधिकारियों को केवल हैंडपंप सुधारने के बजाय समस्या का स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पुराने हैंडपंप को हटाकर वहां विद्युत जल मोटर डालने और समीप में ही 1000 लीटर क्षमता की पानी की टंकी स्थापित करने की योजना बनाने के लिए निर्देशित किया, ताकि लोगों को पानी भरने में सुगमता हो। नगर पालिका की तत्परता से यह कार्य रिकॉर्ड समय में पूर्ण हुआ। आज नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने वार्ड पार्षद तारा कटारिया की उपस्थिति में नवनिर्मित जल केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मेवाड़ा ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना हमारी प्राथमिकता है।

वाल्मीकि नगर के नागरिकों को पानी के लिए परेशान होते देख नगरपालिका ने इसे प्राथमिकता पर लिया और अब यहां की माताओं-बहनों को हैंडपंप चलाने की मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी, उन्हें सीधे टंकी से पर्याप्त जल उपलब्ध होगा। शुभारंभ के अवसर पर वार्ड पार्षद तारा कटारिया ने नपाध्यक्ष श्रीमती मेवाड़ा का धन्यवाद ज्ञापित किया।

टंकी स्थापित होने और मोटर शुरू होने से वार्डवासियों में हर्ष है। क्षेत्र के नागरिकों ने इस जनहितैषी कार्य के लिए नपाध्यक्ष और उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। इस दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ पार्षद एवं भाजपा जिला महामंत्री तारा कटारिया, नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षद डॉ. सलीम खान, रवि शर्मा, अभिषेक तौमर, महेश चंदेल, शादीलाल, किशोर डूमाने सहित रहवासीगण मौजूद थे।

## सीबीएससी बोर्ड परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक लाने पर शीतल ठाकुर, जयेश मोटवानी का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12 वी के परिणाम घोषित होने पर आज 93 प्रतिशत ओर उससे अधिक अंक लाने पर प्रतिभाशाली विद्यार्थी जयेश प्रदीप मोटवानी आष्टा एवं कु शीतल जयसिंह ठाकुर अध्यापक ग्राम लसुलड़िया विजयसिंह जिन्होंने 93 प्रतिशत अंक और राजवीरसिंह योगेन्द्रसिंह ठाकुर ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बधाई देते हुए स्वागत सम्मान किया।

## क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ मिलकर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



एवरग्रीन स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा एक नई और प्रेरणादायक पहल की शुरुआत की गई। कैलाश घेघट और उनकी पत्नी ने अपनी शादी की सालगिरह खिलाड़ियों और अपने क्रिकेट मित्रों के साथ वृक्षारोपण कर मनाई। खेल प्रशिक्षक सुनील तिवारी ने बताया कि यह एक ऐसी शुरुआत है जिसका कोई अंत नहीं।

आज के समय में लोग जन्मदिन और एनिवर्सरी पर केक काटने, ध्वनि प्रदूषण करने एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भोजनों और पार्टियों पर अनावश्यक खर्च करते हैं। इससे बेहतर यह होगा कि हर खुशी के अवसर पर एक पेड़ लगाया जाए, जो हमें स्वच्छ हवा, छांव, फल और प्रकृति का अमूल्य उपहार प्रदान करे।उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियां भी इन पेड़ों को याद रखेंगी और उनसे मिलने वाले लाभों का आनंद लेंगी। आधुनिकता और दिखावे की जिंदगी में हम अनजाने में खर्च के बोझ तले दबते जा रहे हैं, जबकि वृक्षारोपण जैसी पहल समाज और पर्यावरण दोनों के लिए लाभदायक है।हरियाली महोत्सव की शुरुआत ऐसी शख्सियत से की गई जो सरल स्वभाव, मधुर भाषी एवं निस्वार्थ भाव से मानव सेवा करने वाले हैं। कैलाश घेघट एक अच्छे खिलाड़ी होने के साथ-साथ संस्कारी एवं प्रेरणादायक व्यक्तित्व के धनी हैं।

इस अवसर पर सुभाष ग्राउंड में मोहन सिंह मेवाड़ा, शेरू मेवाड़ा, इंदर सिंह ठाकुर, जितेंद्र शर्मा जी, ठाकुर साब, मांगीलाल विश्वकर्मा और सभी खिलाड़ियों ने मिलकर कैलाश घेघट को शुभकामनाएं दीं तथा एक पेड़ लगाकर उनकी शादी की सालगिरह मनाई।

## जावर नगर में 3 दिवसीय निःशुल्क जनसेवा कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर नगर में पूर्व सदर तोसीफ शेख द्वारा ईदगाह कमेटी जावर के तत्वावधान में वार्ड क्रमांक 04 गंजपुरा जावर में 12, 13 एवं 14 मई 2026 को तीन दिवसीय निःशुल्क जनसेवा कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

कैंप में नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं आवश्यक दस्तावेजों से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कैंप में ई-पैन कार्ड, ई-श्रम कार्ड, हेल्थ कार्ड, जीरो बैलेंस बैंक खाता तथा आयुष्मान कार्ड बनाने एवं पीएम विश्वकर्मा योजना के फॉर्म ऑनलाइन भरने की सुविधा प्रदान की जा रही है। आयोजकों ने बताया कि कैंप का मुख्य उद्देश्य आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ सरल एवं सहज तरीके से उपलब्ध कराना है। कैंप में नगर के वरिष्ठ नागरिकों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पहुंच रहे हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है। 12 मई को कैंप में पहुंचकर कांग्रेस सीहोर जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, जावर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर एवं कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने तोसीफ शेख द्वारा किए जा रहे जनहित एवं सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल कार्यों की प्रशंसा की तथा इस प्रकार के सामाजिक सेवा कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

## श्री शीतला माता मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने विधायक से मुलाकात कर की चर्चा, पानी टेंकर और स्वागत गेट की घोषणा की गई



**जावर।** श्री शीतला माता मंदिर निर्माण समिति क़े सदस्यो ने की क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर से सौजन्य भेट की विधायक द्वारा मंदिर पहाड़ी पर एक पानी टेंकर व जावर कजलास रोड पर मंदिर मार्ग पर स्वागत गेट की घोषणा की गई थी जिसको स्वीकृति देते हुवे जल्द ही मंदिर समिति को पानी टेंकर प्रदान किया जायेगा साथ ही जल्द स्वागत गेट बनाया जायेगा। इसकी स्वीकृति विधायक द्वारा दी गई समिति ने विधायक का हारपुष्प माला पहनाकर स्वागत किया ।साथ ही उपस्थिति में पूर्व मंडल अध्यक्ष जयसिंह ठाकुर, जावर मण्डल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर मनोज वैद्य, फतेसीह दरबार, मोतीलाल वर्मा, इन्दरसिंह पाटीदार, नरबत सिंह टाट बाबा, जितेंद्र सिंह, श्रीराम पाटीदार, मोहन राव, अंकित हारोड़ आदि समिति के सदस्य मौजूद थे।

### कुसमानिया में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह में मंत्री कुशवाह ने शुभकामनाएं दी

# 51 जनजाति, 33 वैदिक परंपरा और 16 निकाह का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह कुसमानिया में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम में 51 जनजाति कन्याओं का विवाह जनजाति परंपरा से संपन्न हुआ, 33 जोड़ो का विवाह वैदिक परंपरा से संपन्न हुआ एवं 16 मुस्लिम कन्याओं का निकाह संपन्न कराया गया। मंत्री नारायण सिंह एवं खातेगांव विधायक आशीष शर्मा ने कन्याओं को 49 हजार रूपये राशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर उन्होंने विवाह के पवित्र बंधन में बंध रहे नवदंपतियों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की। केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वीसी के माध्यम से वर्चुअली जुड़कर नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री मंत्री कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह योजना समाज के सभी वर्गों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जो सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ-साथ जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करती है।

उन्होंने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान मंत्री श्री कुशवाह ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं सभी नवविवाहित जोड़ों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम में जनपद पंचायत कन्नौद अध्यक्ष सावित्री रेवाराम सारण, जिला पंचायत सदस्य संतोष काकोड़िया, जनपद पंचायत सदस्य, हुकम पटेल, मोहन पटेल, महेश परमार, संतोष काकोड़िया,सुनील कर्मा, राजेश चौहान, पिंकी बारेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अनुविभागीय अधिकारी कन्हैयालाल तिलवारी, उपसंचालक सामाजिक न्याय संगीता यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कन्नौद दीपक मुजाल्दे उपस्थित थे।

## सेन थॉम एकेडमी का सीबीएसई 12वीं में शानदार प्रदर्शन, देवांशी ने किया टॉप




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड ने इस वर्ष आयोजित सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय के सात विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर संस्था का गौरव बढ़ाया।विद्यालय की छात्रा देवांशी मेहता ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। तनिष अग्रवाल ने 93.6 प्रतिशत, प्रतिभा नागर ने 92 प्रतिशत, महक गुप्ता ने 91.4 प्रतिशत, भूमिक बंसल ने 90.6 प्रतिशत तथा निकिता पवार एवं अनन्या बाजपेयी ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।विशेष उपलब्धि के रूप में नशरा सिद्दीकी ने वेब एप्लिकेशन विषय में शत-प्रतिशत 100 अंक अर्जित किए।विद्यालय का समग्र परीक्षा परिणाम भी अत्यंत सराहनीय रहा। 22 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक, 32 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक तथा 42 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन व समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट सफलता पर बधाई दी।